हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .8 डिग्री

12 सालभर सड़क पर बिखरती रहीं भ्रष्टाचार की रोड़ियां


12 संसदीय खेलों को जल्द बढ़ाया जाएगा : राव इंद्रजीत


## खबर संक्षेप

### आठ साल बाद हत्थे चढ़ा अपहरण का आरोपी

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने लगभग 8 साल से फरार चल रहे अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवती के अपहरण के आरोप में यूपी के देवराभुरा निवासी ऋषिपाल के खिलाफ वर्ष 2007 में केस दर्ज किया था। उसके बाद से ही आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी को पीओ घोषित कर दिया था। लगभग 8 साल बाद पुलिस ने आरोपी ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 3 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में दादरी के जिघावन निवासी महेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उस पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने 9 सितंबर को घायल के बयान पर दर्ज किए गए केस में विद्यानंद नगर सुमित कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 17 नवंबर को हुए हादसे के बाद आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद इस मामले में वाहन चालक यूपी के इस्माइलपुर निवासी अजमल शेख को गिरफ्तार कर लिया। उसकी कैंटर गाड़ी को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 21 जुलाई को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के पटवाड़ निवासी अरिहंत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। बावल कोर्ट ने एक मामले में रणसी माजरी निवासी कुलदीप को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुलदीप के खिलाफ गत 27 दिसंबर को अवमानना का केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से ज्यूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेजने के आदेश हुए।

### पुलिस ने बेल जंपर को किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** अभियोग संख्या 5/2004 धारा 279, 337, 429 आईपीसी थाना रोहड़ाई में आरोपी सावर लाल निवासी गांव मोतीपुरा जिला अजमेर राजस्थान को अदालत की ओर से जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे।

---

### जोहड़ की जमीन पर साल्हावास में बढ़ी गुटबाजी, परदे के पीछे चल रही राजनीति

# डीसी के रोड तुड़वाने के आदेश, सरपंच ने जेसीबी बुलाई, ग्रामीणों का विरोध

- टाइलों से दोबारा निर्माण कराना सरपंच के लिए आफत बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। साल्हावास गांव के जोहड़ के पास बनी सड़क व साल्हावास गांव के जोहड़ के पास बनाई गई टाईल्स की सड़क और सरपंच दीक्षा देवी।। फोटो : हरिभूमि

साल्हावास गांव के जोहड़ के तीन दिशा में वर्षों से बनी सड़क के एक हिस्से का टाइलों से दोबारा निर्माण कराना सरपंच दीक्षा देवी के लिए आफत बन चुका है। सड़क निर्माण के साथ ही गांव के कुछ लोगों ने इसे जोहड़ की जमीन बताते हुए प्रशासन को शिकायत की, तो पूर्व के फैसलों को देखते हुए डीसी ने सरपंच को 30 दिसंबर तक रोड तुड़वाने के आदेश जारी कर दिए। सरपंच ने डीसी के आदेशों को अमलीजामा पहनाते हुए रोड तुड़वाने के लिए जेसीबी बुलवाई, तो बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए जेसीबी वापस भिजवा दी। गांव की गुटबाजी के चलते तनाव का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने रोड बचाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने का निर्णय लिया है। डीसी की ओर से सरपंच दीक्षा देवी को आदेश दिए थे कि जोहड़ की जमीन पर जिस रास्ते का नए सिरे से निर्माण कराया गया है, उसे 30 दिसंबर तक तुड़वाया जाए। इन आदेशों के बाद सरपंच ने पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन को बुला लिया। जैसे ही रोड को तुड़वाना शुरू किया, बड़ी संख्या में महिलाओं सहित ग्रामीण वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने रोड को किसी भी सूरत में नहीं टूटने देने की बात कहते हुए अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों का कहना है कि इस रोड से बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। रोड तोड़े जाने के बाद उनका रास्ता ही बंद हो जाएगा, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस रास्ते पर ही बड़ी संख्या में लोगों के घर बने हुए हैं। रोड बंद होने से उनका अपने घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल बन जाएगा। सरपंच को जेसीबी वापस भेजनी पड़ी। ग्रामीणों की जायज मांग के सामने पुलिसकर्मी भी बेबर नजर आए। इसके बाद समस्या लेकर कई ग्रामीण केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने के लिए रवाना हो गए, परंतु शाम तक उनकी मंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी थी।

#### सड़क बनवाने वाले ही कर रहे विरोध

ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ की जमीन के तीनों ओर रास्ते बने हुए हैं। इन रास्तों पर सड़क का निर्माण लगभग डेढ़ दशक पूर्व कराया गया था। यह रास्ते तत्कालीन मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव पक्के कराए थे। जिन लोगों ने रास्ते पक्के कराए थे, वही इन रास्तों को बंद कराने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने डीसी से मौका मुआयना करने की मांग की है, ताकि उन्हें जमीनी हकीकत का पता लग सके। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड के टूटने के बाद स्कूल और मंदिर जाने का रास्ता भी बंद हो जाएगा, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### हाईकोर्ट की ओर से भी हुए थे आदेश

हाईकोर्ट ने सभी गांवों में पंचायती जमीनों को खाली कराने के आदेश दिए हुए हैं। इस गांव में भी पंचायती जमीन पर कब्जा हटाने के आदेश जारी हो चुके हैं। सरपंच के विरोधी पक्ष के लोगों का दावा है कि आदेशों के बावजूद निजी कोष से इस रोड का निर्माण कराया गया है। एसडीएम की जांच में भी यह बात सामने आ चुकी है। सरपंच दीक्षा का कहना है कि उन्हें ग्रामीणों ने सरपंच बनाया है। ग्रामीणों के हित में ही वह कार्य कर रही हैं। जिन लोगों को गांव का विकास रास नहीं आ रहा, वहीं लोग विरोध कर रहे हैं।

---

## मोहन मर्डर केस में हत्यारों की पहचान, नेपाल भागने का अनुमान

- काला जठेड़ी गैंग से अलग हो चुके बदमाशों का हाथ, जल्द काबू करने के लिए पसीना बाहर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बहाला गांव में गत 23 दिसंबर को हुई खाद-बीज विक्रेता की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस को आरोपियों की पहचान करने में सफलता मिल चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपी हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद नेपाल की ओर निकल गए थे, जिन्हें काबू करने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों की ओर रवाना हो चुकी हैं। हत्यारोपी का संबंध काला जठेड़ी गैंग से रह चुका है, जो बाद में गैंग से अलग हो गए। मोहन की उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी दुकान पर बेटे और भाई के साथ बैठा हुआ था। इंडेवर कार में आए दो बदमाशों ने उसे चार गोलियां मारी थीं। पीछा करने का प्रयास करने पर बदमाश गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। मर्डर के बाद कोसली थाना पुलिस व सीआईए की तीनों टीमों ने डीएसपी सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में हत्यारों का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए थे। परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी से पहले पोस्टमार्टम कराने तक से इनकार कर दिया था। डीएसपी कोसली विद्यानंद के आश्वासन पर परिजन पोस्टमार्टम कराने को रजामंद हो गए थे। डीएसपी ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया था।

#### वारदात के बाद पहले भी भागे नेपाल

पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्याकांड को अंजाम देने वाले बदमाश पूर्व में काला जठेड़ी गैंग से जुड़े रहे हैं। बाद में उन्होंने अलग गैंग बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि बदमाश पहले भी वारदातों को अंजाम देने के बाद नेपाल भाग चुके हैं। यह भी तय माना जा रहा है कि पुलिस दोनों बदमाशों के बारे में अहम जानकारियां जुटा चुकी है। आरोपियों की गिरफ्तारी में अभी कुछ दिन का समय लग सकता है।

#### चल रही जांच

मामले की जांच के चलते अभी कुछ नहीं बताया जा सकता। सीआईए की तीनों टीमें हत्याकांड के बाद से ही आरोपियों की धर-पकड़ में लगी हुई हैं। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा। जल्द ही उन्हें काबू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।
-सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी

---

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी संपन्न उत्तीर्ण 12 छात्र अब रेंज स्तर पर देंगे परीक्षा

- डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार बोले बच्चों को शुरूआत से ही यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना ही परीक्षा का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मानित करते डीएसपी पवन कुमार।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया। यूरो इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित परीक्षा के नोडल अधिकारी डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार थे। जिला पुलिस की ओर से तीसरे चरण की सड़क सुरक्षा परीक्षा का आयोजन किया गया। गत 20 नवंबर को क्विज कम्पीटीशन के दूसरे चरण की परीक्षा का खंड स्तर पर आयोजन कराया जा चुका है। दूसरे चरण की परीक्षा में चार ग्रुप बनाए गए थे। पहले ग्रुप में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी, दूसरे ग्रुप में कक्षा 6 से 8, तीसरे ग्रुप में कक्षा 9वी से 12वीं व चौथे ग्रुप में कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। दूसरे चरण की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब 2628 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें से 215 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिन्होंने तीसरे चरण की परीक्षा में भाग लिया। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा में पहले ग्रुप में अरावली हिल्स पब्लिक स्कूल टांकडी, राष्ट्रीय पब्लिक स्कूल नांगल मूंदी व हिंदू सीनियर सैकेंडरी स्कूल कनूका के तीन बच्चों ने पहला स्थान प्राप्त किया।

---

*गांव से झोटा चोरी होने के बाद शुरू हुआ विवाद, युवक पर लगाया जा रहा था मिलिभगत का आरोप*

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव, हत्या के लगाए आरोप, जीआरपी ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल



रेवाड़ी। मृतक के पिता रिछपाल।



रेवाड़ी। आईओ पूनम देवी।

प्राणपुरा गांव के करीब 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक के पिता व परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जीआरपी ने शव को मोर्चरी में रखवाने के बाद जांच शुरू कर दी। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा।

गांव निवासी चंद्रसिंह सुबह पावटी गांव जाने के लिए घर से निकला था। बाद में उसका शव दिल्ली-जयपुर रेल लाइन पर गांव से कुछ दूरी पर पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान चंद्रसिंह के रूप में होने के बाद शव को सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया। इससे पूर्व जीआरपी ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। मृतक के पिता रिछपाल ने अपने बेटे की मौत को हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके बेटे की हत्या करने के बाद शव रेलवे लाइन पर डाला है। उसके बेटे का गांव के कुछ लोग लगातार पीछा कर रहे थे। उसने पुलिस को पीछा करने वाले लोगों के नाम भी बताए हैं, जिनके आधार पर जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाम के समय पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण जीआरपी ने शव मोर्चरी में रखवा दिया।

**झोटा चोरी होने के बाद शुरू हुआ विवाद :** परिजनों के अनुसार चंद्र सिंह ने अपना कटड़ा एक मेव को बेचा था। आरोप है कि मेव कटड़ा ले जाते समय गांव का झोटा भी चोरी कर ले गया। मेव का चंद्रसिंह के पास आना-जाना रहता था, इसलिए ग्रामीण उस पर झोटा चोरी करने में शामिल होने के आरोप लगा रहे थे।

#### वंदे भारत ट्रेन से कटने की सूचना

जीआरपी को रेल विभाग के मेमो से वंदे भारत ट्रेन से युवक के कटने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया गया। मृतक की पहचान होने के बाद शव को अस्पताल लाया गया। परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-पूनम देवी, जांच अधिकारी, जीआरपी।

---

### दो गांवों से एक नाबालिग और युवक लापता

**कोसली।** नया गांव में एक 16 वर्षीय नाबालिग घर से खेलने के लिए जाने की कहकर लापता हो गया।

नाबालिग के पिता सजंय ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी बताया कि उनका लड़का हिमांशु 25 दिसंबर प्रातः 9 बजे घर से खेलने का नाम लेकर ग्राउंड में गया था, लेकिन अब तक वापस घर नहीं आया। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी हर जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

## एक दशक से फाइलों में अटका अंडरपास क्षेत्रवासियों ने शीघ्र निर्माण की उठाई मांग

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र के लोगों ने एक दशक से फाइलों में अटके अंडरपास के शीघ्र निर्माण की मांग एक बार फिर तेज कर दी है।

कोसली-नाहड़-कनीना रोड पर स्थित रेलवे फाटक नंबर-19 को करीब 15 वर्ष पूर्व बंद कर दिए जाने के बाद से स्टेशन के दोनों ओर बसी रिहायशी कॉलोनियों, बाजार क्षेत्र, 30 से अधिक गांवों के ग्रामीणों तथा आमजन को रेल लाइन के आर-पार आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्ष 2010 में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान दशकों पुराना रेलवे फाटक नंबर-19 बंद कर दिया गया था। इसके बाद से लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ रही है। विशेषकर पैदल, साइकिल सवार, स्कूली बच्चे और वृद्ध नागरिक सबसे अधिक प्रभावित हैं। रेलवे ओवरब्रिज के अलावा कोई वैकल्पिक सुरक्षित रास्ता न होने से लोगों को मजबूरी में रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है।



रेवाड़ी। अंडरपास के अभाव में रेल लाइन क्रास करते लोग।



रेवाड़ी। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी प्राइमरी स्कूल खुलवाने की मांग

**रेवाड़ी।** शहर के नागरिकों ने विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर आदर्श नगर, सुभाष बस्ती, गुलाबी बाग व देव नगर सहित किसी भी एक कॉलोनी में सरकारी प्राइमरी स्कूल खुलवाने की मांग की। कॉलोनीवासियों ने कहा कि इन जगह स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को रेलवे लाइन को पार करके स्कूल जाना पड़ता है, इन सभी कॉलोनियों के बच्चे वार्ड नंबर-24 कुतुबपुर में स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने के लिए जाते है। स्कूल में जाने के लिए कोई और रास्ता नहीं है। रेलवे लाइन को पार करते समय कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने विधायक से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर कुसुमलता नगर पार्षद, भगत सिंह जाटव, संदीप कुमार, मुकेश कुमार व गौरव कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### नाबालिग छात्राओं से अभद्रता करने पर ऑटो चालक पर केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के गांव के एक स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट देने गई गई छह नाबालिग छात्राओं को एक ऑटो चालक 21 दिसंबर को घर छोड़ने की कहकर रेवाड़ी के एक मॉल में ले गया।

ऑटो चालक ने छात्राओं के साथ रास्ते में, मॉल की लिफ्ट में व वापसी में अभद्र हरकत की तथा सरसों के खेत में ले जाने का प्रयास किया। छात्राओं के रोने व चिल्लाने के बाद चालक ने गांव में ले जाकर छोड़ दिया।

---

**मौसम का मिजाज** आज से मौसम में बदलाव आने का अनुमान, बारिश के लिए नए साल का इंतजार

# दस दिन बाद अधिकतम पारा 24 डिग्री पार, रात को ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शनिवार रात के समय अनाजमंडी में छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

दिसंबर माह लगभग पूरा बीत चुका है, लेकिन दिन के समय मौसम का मिजाज ठंडा नहीं पड़ा है। पूरे माह के दौरान दो-तीन छोड़कर दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना रहा है। दस दिन बाद तापमान 24 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे दिन के समय मौसम गर्म बना रहा। 29 दिसंबर से मौसम में बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है, जबकि बारिश के लिए नए साल का इंतजार करना पड़ सकता है।

साल के अंतिम माह में तीन दिन ही आसमान में आंशिक बादल छाए। अन्य दिनों आसमान पूरी तरह साफ रहा, जिससे दिन के समय कड़ाके की ठंड का असर ज्यादा नहीं रहा। रविवार को भी सुबह से आसमान साफ बना रहा। प्रदूषण की चादर आसमान में जरूर बनी रही। कोहरे का असर भी इस बार ज्यादा देखने को नहीं मिला है। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 24.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा माना जा रहा है। रात का तापमान 0.2 डिग्री कम होकर 4.8 पर आ गया। दिन के समय मौसम गर्म बना रहा। दोपहर तक गर्म कपड़े शरीर को चुभने लगे। कड़ाके की ठंड का असर सुबह और रात के समय ही देखने को मिल रहा है। दिन के समय फरवरी जैसा मौसम बना रहता है। हवा में नमी का स्तर 86 प्रतिशत तक रहा, जबकि गति काफी कम 5 किमी प्रति घंटा रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि सप्ताह के पहले दो दिन आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं, जिससे दिन के समय भी ठंड का प्रकोप देखने को मिल सकता है। आगामी 1 जनवरी को बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। रात के तापमान में अभी और गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को सूखी ठंड का सामना करना पड़ सकता है।

#### हवा मंद पड़ने से बढ़ रहा प्रदूषण

हवा में नमी का स्तर बढ़ने और गति कम होने से प्रदूषण का स्तर सुबह के समय बढ़ा रहता है। रविवार को सुबह के समय आसमान में धुएं की चादर बनी रही। धारूहेड़ा का एक्यूआई सुबह 10 बजे 286 दर्ज किया गया, जो शाम के समय कम होकर 209 पर आ गया। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की स्थिति में प्रदूषण का स्तर भी बढ़कर लोगों की सासों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। सुबह के समय जगह-जगह कूड़ा जलाने के कारण धुएं का प्रभाव भी प्रदूषण को बढ़ावा देने का काम करता है। इस समय किसानों को बारिश का बेसब्री से इंतजार बना हुआ है। बारिश के बिना किसानों के लिए फसलों की सिंचाई करना मुश्किल बना हुआ है।

---



रेवाड़ी। सफाई टीम के साथ विधायक लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

## नव वर्ष में रेवाड़ी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे शहरवासी: लक्ष्मण सिंह

**रेवाड़ी।** रविवार सुबह कटला गंज बाजार में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में स्वच्छता मुहिम चलाई गई। आई लव रेवाड़ी परिवार की ओर से बाजार में साफ-सफाई की गई। क्षेत्र के व्यापारियों में भी मुहिम को लेकर पूरा उत्साह नजर आया। गल्ला व्यापार समिति के प्रधान हेमंत अग्रवाल की टीम ने सफाई शूरवीरों पर फूल बरसाकर अभिनंदन किया। जेसीबी व स्वीपिंग मशीन के सहयोग से गंदगी को खत्म किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सफाई क्रांति के बाद यह उम्मीद प्रबल हो गई है की 2026 में जल्द ही बाजारों में स्वच्छता की समस्या का समाधन हो जाएगा। विधायक ने कहा कि नव वर्ष में रेवाड़ी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेते हुए शहरवासी आगे बढ़ेंगे। सफाई योद्धा मोनू राव, ललित कुमार व प्रदीप वशिष्ठ ने गली में अपने हाथों से उस गंदगी को खत्म किया, जिसके पास से गुजरने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता था। ऐसे शूरवीरों के लिए तालियों से पंडाल गूंजता रहा। इस अवसर पर सफाई क्रांति के कर्मठ योद्धा एडवोकेट अरविंद यादव का जन्मदिन भी मनाया गया।



## खोड़िया नृत्य की परंपरा

हरियाणा में विवाह के समय खोरिया (खोड़िया) एक प्रसिद्ध और मनोरंजक परंपरा है, जो दूल्हे की बारात जाने के बाद घर पर महिलाओं द्वारा निभाई जाती है; इसमें वे मंगल गीत गाती हैं, हंसी-मजाक करती हैं और विवाह के दृश्यों का नाटकीय अभिनय करती हैं। इसमें दूल्हा-दुल्हन और अन्य किरदारों की नकल की जाती है, जिससे उनका मनोरंजन होता है और घर की सुरक्षा भी होती है, साथ ही नवविवाहित जोड़े के सकुशल लौटने की कामना की जाती है।

# हरियाणवी लोकगीतों में विवाह संस्कार

**हरियाणवी लोकगीत केवल गाए नहीं जाते, वे जिए जाते हैं। इनमें समाज की संरचना है, रिश्तों की मर्यादा है, नारी के अनुभव हैं और जीवन का यथार्थ भी। आज भले ही आधुनिकता की आंधी में डीजे और फिल्मी गीत शादियों का हिस्सा बनते जा रहे हों, लेकिन जब आँगन में कोई बुज़ुर्ग धीमे स्वर में गुनगुनाती है- "बन्नी चली परदेस, छोड़ आई बाबुल का देस.."तो लगता है कि हरियाणा की आत्मा अब भी इन्हीं लोकगीतों में सांस ले रही है। विवाह लोकगीत वास्तव में संस्कृति की वह धरोहर हैं, जो बदलते समाज को उसकी जड़ों से जोड़े रखते हैं।**



संस्कृति

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति में लोकगीत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। जहाँ लोकगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जनमानस के दिल की धड़कन अनुभव होते हैं। हरियाणवी लोकगीतों की परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है, जिसमें विविधता का असीम सागर लहराता है। यहाँ ऋतुओं के बदलने पर 'सावण के गीत' और 'तीज के मल्हार' गाए जाते हैं, तो खेतों में काम करते समय 'जकड़ी' और 'रागिनियों' के स्वर गूंजते हैं। वीर रस से भरे 'आल्हा' जहाँ भुजाओं में बल भरते हैं, वहीं भक्ति रस से सराबोर 'भजन' आत्मिक शांति देते हैं।

हरियाणवी लोकगीतों में अद्भुत विविधता प्राप्त होती है और जीवन के सभी संस्कारों पर गीत गाए जाते हैं, फिर चाहे जन्म हो अथवा मृत्यु है। संस्कारों में अत्यधिक महत्वपूर्ण विवाह संस्कार पर तो इनकी परंपरा बहुत प्रभावित करती है। इस विशाल परंपरा में 'विवाह के गीत' संस्कारों की नींव को मज़बूत करते हैं।

विवाह के संस्कार की शुरुआत सगाई से होती है। जैसे ही रिश्ता तय होता है, घर के आँगन में खुशी की लहर दिखाई देती है। विवाह की रस्में बान और तेल से शुरू होती हैं। हरियाणवी परंपरा में बान 5, 7 या 9 दिन पहले बैठाए जाते हैं। यानी दूल्हा या दुल्हन को शादी वाले दिन तक रोज़ाना हल्दी-तेल (बटना) लगाया जाता है और नहलाया जाता है। इसे ही 'बान फिरना' कहते हैं। इस समय महिलाएं 'तेलन' को संबोधित करते हुए गाती हैं:

*"तारो ए तेलन तेल, म्हारे बन्ने कै चढ़ेगा तेल,*
*हरया-हरया गोबर मंगाओ, आंगण लिपाओ ए...*
*म्हारा बन्ना बैठैगा ए, बिछाओ रंगीले खेल,*
*सोने की कटोरी में, तारो ए तेलन तेल।"*

इसके बाद जब दूल्हे या दुल्हन को पटड़े (चौकी) पर नहलाया जाता है, तो दादी और ताई 'समंदर के पानी' की उपमा देते हुए बड़े लाड़ से गाती हैं:

*"तात्ता पाणी ए समंदरां का, पोता/बेटा न्हाइयो ए म्हारे दादा/ताऊ/बाबू का....*

अंत में तेल चढ़ाते समय घर की बुज़ुर्ग महिलाएँ शगुन मनाती हैं और नज़र उतारती हैं:

*"तेल चढ़ाओ ए बन्नो री दादी, लाड लड़ाओ,*
*तेल चढ़ाओ ए बन्नो री ताई, शगुन मनाओ*
*म्हारी बन्नो का रूप सवाया, चाँद सा उजियार,*
*नज़र न लागे किसी की, राखो जी भरतार"*

बान के दिन से ही रात के समय महिला संगीत शुरू हो जाता है, जिसमें बन्ना-बन्नी के सौंदर्य, चतुराई और भविष्य की कल्पनाएँ गीतों में ढलती हैं :

*"बन्ना तो हांडे अपने बाबा जी की गलियां*
*दादी तो फिरै रहसी रहसी रे महल में*
*सेर मोती बारूं जी बन्ने पै*
*मोती भी वारूं मैं तो हीरे भी वारूं सेर मोती..."*

एक और गीत में बन्नी अपने बन्ने को कहती है:

*बन्ना जी मैं तो राज घर सै आई*
*बन्ना जी तेरे बाबा की ऊंची हवेली*
*बन्ना जी तेरे बाबल की ऊंची हवेली*
*बन्ना जी मैं तो चढ़ती चढ़ती आई*

इसके बाद विवाह के दिन भात से पहले कुम्हार के घर जाकर 'चाक पूजने' की रस्म बहुत महत्वपूर्ण है। यह रस्म सृजन के प्रतीक 'चाक' (पहिए) के प्रति सम्मान व्यक्त करती है ताकि नए दांपत्य जीवन का पहिया भी निर्बाध चलता रहे। महिलाएं गाती हुई जाती हैं:

*"चाक पूजन चाल पड़ी, सुहागन नार,*
*साथ में सखियाँ गावें, मंगल चार*
*कुम्हारन ए, दे दे मटकिया का साथ,*
*तेरे चाक पे बनरी की, सुधरेगी बात"*

चाक पूजन के बाद विवाह की यात्रा का सबसे भावुक रिवाज होता है 'भात'। बहन विवाह से पहले अपने भाई को न्योता देती है और गीतों के माध्यम से भात के लिए बुलावा देते हुए कहती है:

*'बीरा मेरा मान बढ़ाइयो रे,*
*मैं न्यौतण आई भात*
*बीरा तीन मंजली हेली ,*
*मैं ल्याई रे भात की भेली"*

इस परंपरा में वह पल बहुत भावुक करने वाला होता है जब विवाह के दिन भाई भात लेकर आता है और बहन आस-पड़ोस की सभी स्त्रियों संग भात लेते हुए गीतों से भाई का स्वागत करती हुई गाती है:

*'मत बरसो इन्द्र राजा जी मेरी मां का जाया भीजै*
*मेरी मां का जाया भीजै, मेरा सगा भतीजा भीजै*
*मत बरसो इन्द्र राजा जी, मेरी मां का जाया भीजै''*

भात लेने के बाद 'मांढा' बंधन की रस्म होती है और गाया जाता है:

*किन्नै यो मांढा पिछवाडिआं*
*किन्नै यो पूर्या सै चोंक*
*मांढलड़ा सिरी राम का*

इसके बाद जब दूल्हा घोड़ी पर चढ़ता है। बैंड बाजे के साथ बहनें और गाँव की महिलाएँ गाती हैं:

*मुबारक सादी हो बनड़े ये घोड़ी नाचती आई*
*तेरे बाबा हजारी नै बड़ी दूरों से मंगवाई*
*बनड़े की घोड़ी बिदकै मेरा कलेजा धड़कै*
*सीस बने के सेहरा, लड़ियां से लाल लटकै*
*गले बने के तोड़ा, घूण्डी से लाल लटकै*
*हाथ बने के घड़ियां, कांगणे सै लाल लटकै*

फिर दूल्हा बारात लेकर ससुराल पहुंचता है तो स्वागत में 'सीठणे' (मीठी गालियाँ) गाए जाते हैं। यह हरियाणवी लोकगीतों का सबसे रोचक पक्ष है, जहाँ समधियों के रंग-रूप और वेशभूषा पर व्यंग्य किए जाते हैं:

*'बाज्या रे नगाड़ा रणजीत का जणू हाक्यम आया*
*अपणी बेबे न छोड़ के हे म्हारे ब्याहवण आया'*
*'हमने बुलाए गोरे-गोरे, काले-काले आये रे पसेरे,*
*हमने बुलाए लंबे-लंबे, ओछे-ओछे आये रे पसेरे '*

'फेरे' विवाह के पावन बंधन का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र पड़ाव होता है। जब फेरों के लिए पूजन शुरू होता है तो दुल्हन की सखियां गाती हैं :

*दादा देस जांदा परदेस जाइयो म्हारी जोड़ी का बर ढूंडियो*
*लाडो देस जांदा परदेस जांगा, ढूंडिया सै फूल गुलाब का*
*ताऊ देस जांदा परदेस जाइयो म्हारी जोड़ी का वर ढूंडियो*



अग्नि के सात फेरे लेते समय वधू का अधिकार क्षेत्र बदलता है। हरियाणवी लोकगीतों में हर फेरे के साथ बेटी के 'पराई' होने का दर्द अनुभव किया जा सकता है:

*पहला फेरा लीजिए दादा की हे पोती*
*दूजा फेरा लीजिए ताऊ की हे बेटी*
*तीजा फेरा लीजिए बाबल की हे बेटी*
*चौथा फेरा लीजिए काके की हे बेटी*
*पांचमा फेरा लीजिए मामै की हे भाणजी*
*छठा फेरा लीजिए नाना की हे दोहती*
*सातवां फेरा लीजिए लाडो होई पराई*

फेरों के बाद 'छन्न' सुनने की रस्म भी होती है जिसमें दूल्हे को छन्न सुनाने के लिए कहा जाता है :

*छन्न पक्कियां छन्न पक्कियां, छन्न के ऊपर केसर। सासू मेरी पारवती, सोहरा परमेसर।।*

छन्न के बाद विदाई का समय बहुत भावुक करने वाला होता है। बेटी का घर से जाना, बचपन की यादें और माता-पिता का विलाप इन गीतों का मुख्य स्वर होता है। कोयल की उपमा देकर गाया जाने वाला यह गीत अत्यंत मार्मिक है:

*"कोयल चालि ए बागां न छोड़ कै,*
*ए मन्नै कूकर राखोगे मेरी माए...*
*जिन गलियों में बचपन बीता,*
*वही गली बिसराई ए,*
*मात-पिता को छोड़ के बन्नी,*
*हो गई आज पराई ए"*

एक और पारंपरिक विदाई गीत जो मन को छू जाता है:

*मेरी बन खंड को कोयल बन खंड छोड़ कहां चली*
*मेरे ताऊ ने बोले हैं बोल बचन की मारी मैं चली*
*मेरी बन खंड की कोयल बन खंड छोड़ कहां चली*
*मेरे बाबुल ने बोले हैं बोल बचन की मारी मैं चाली*

दूसरी तरफ बारात के विदा होने के बाद, जब घर सूना हो जाता है, तब 'खोड़िया' का आयोजन होता है। यह स्त्रियों का निजी उत्सव है, जहाँ घूंघट की मर्यादा से परे हटकर वे दूल्हा-दुल्हन बनने का नाटक करती हैं :

*"खोड़िया मा खोड़िया, आज म्हारे घर आवे नई बहु,*
*कोरी-कोरी चांदी का हसला घड़ाया...*
*आज म्हारे बेटे की सुहाग वाली रात।*
*दुख भूल कै हँस ले आज, यही है रीति की बात।"*

असल में हरियाणवी लोकगीत केवल गाए नहीं जाते, वे जिए जाते हैं। इनमें समाज की संरचना है, रिश्तों की मर्यादा है, नारी के अनुभव हैं और जीवन का यथार्थ भी। आज भले ही आधुनिकता की आंधी में डीजे और फिल्मी गीत शादियों का हिस्सा बनते जा रहे हों, लेकिन जब आँगन में कोई बुज़ुर्ग धीमे स्वर में गुनगुनाती है-"बन्नी चली परदेस, छोड़ आई बाबुल का देस.."तो लगता है कि हरियाणा की आत्मा अब भी इन्हीं लोकगीतों में सांस ले रही है। हरियाणवी विवाह लोकगीत वास्तव में संस्कृति की वह धरोहर हैं, जो समय के साथ बदलते समाज को उसकी जड़ों से जोड़े रखते हैं।

---

गीत — राजपाल सिंह गुलिया



## तेरी खेती हरी-भरी

बुरा न मानै तै भैया कुछ, मैं भी कह द्यूँ खरी -खरी ।
बिना सँभाले सूखण लाग्यी , तेरी खेती हरी-भरी ॥

धन दौलत पा कै नै माणस , देख नसे म्हं चूर हुए ।
काणा कहकै दाम माँगते , ये इतणे मगरूर हुए ॥
जरगी सैं इनकी पुश्तैनी , तलवारें भी धरी - धरी ॥

छोरा रोज रात नै आवै, बाहर तैं ए खा पी कै ।
काल्ह कही तै न्यू बोल्या के ,करणा सै हमनै जी कै ।
बहू रोज याह बिना बात बस, बैठी रह सै डरी -डरी ।

खरा कमावै खोटा खावै , याह होग्यी सै रीत हड़ै ।
बाकलियाँ का ब्यौंत देख कै , गावैं सैं सब गीत हड़ै ॥
किसै न मत छेड़ो भाई , बैठी दुनिया भरी - भरी ।

खरी कहणिया माणस सभ नै , भोत घणे लागैं खोटे ।
साँची कह कै बदनामी के, ये बाँधैं रोज भरोटे ॥
लांछन लाग्याँ पाच्छै बोली, लिकड़ै सै याह मरी-मरी।

---

गज़ल — रिसाल जांगड़ा



पड़्या मिरे तै काम नहीं सै।
उसने करया सलाम नहीं है।

बिस्तर तो सै सोन्ने का पर,
दिल नै तो आराम नहीं है।

ठूंठ बणी निरधन की जिंदगी,
सिर पै सुख की छाम नहीं है।

उस माणस नै ढू रह्या सूँ,
जिसके सिर इलजाम नहीं है।

इस कलजुग की रामायण म्हं,
रावण तो सै राम नहीं है।

जड़ै छिप्या दिन रैन गुजारी
साधू का घर-गाँम नहीं सै।'

रिसाल' चाँद तै यारी लाकै,
सोया रात तमाम नहीं है।

---

रागनी — सत्यवीर नाहड़िया



## बोल्ली या हरयाणी

चाळा करगी-भास्सा बरगी, बोल्ली या हरयाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

आन अनूठी-तान अनूठी, इस बोल्ली की न्यारी।
बोल निराळे-तोल निराळे, जाणै दुनिया सारी।
कड़कै भारी-पर सै प्यारी, बोल्ली सिद्धी-स्याणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

इस म्हैं पाणा-यो हरयाणा, गीत-रागनी न्यारी।
पाड़ैं चाळे-सांग निराळे, भजन-सबद लयकारी।
छप ल्यी सारी-साखी भारी, कबिता कथा-कहाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

धूम मचावै-झट छा ज्यावै, जित जा खुलकै बोल्ली।
गुँज्जै न्यारी-बोल्ली म्हारी, बोल्लीबुड नै तोल्ली।
लखमी डोल्ली-इस म्हैं झोल्ली,तकत-तोड़ थी गाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, या सै भोत पुराणी।।

मिट ज्या रास्सा-पलटै पास्सा, अंबर गान चढ़ावै।
सभनै आस्सा-बणकै भास्सा, माट्टी-मान बढ़ावै।
दिन वो आवै-मंगळ गावै, 'नाहड़िया' की बाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

जागीर

**आयरलैंड वासी जार्ज थॉमस ने वर्ष 1797 में हांसी को अपने नवगठित राज्य हरियाणा की राजधानी बनाया था**

# ऐतिहासिक नगर हांसी का प्राचीन रुतबा बहाल



इतिहास — यशपाल गुलिया

हरियाणा सरकार ने हांसी को एक नया जिला बनाकर इस ऐतिहासिक नगर के गौरवमयी रुतबे को पुनर्जीवित कर दिया है। सदियों पुराने इस ऐतिहासिक नगर का प्राचीन नाम आसिका होता था जो शाही सुलेमान मार्ग पर स्थित था। यहां के ऐतिहासिक किले का निर्माण सम्राट पृथ्वीराज द्वारा किया गया था। इसका समय-समय पर शासकों ने भरपूर उपयोग किया था।

आयरलैंड वासी जार्ज थॉमस द्वारा वर्ष 1797 में हांसी को अपने नवगठित राज्य हरियाणा की राजधानी बना लिया था। प्राचीन किले में उसने सिक्के ढालने के वास्ते टकसाल भी स्थापित की थी, लेकिन चार वर्षों बाद 1801 में एक लम्बे लड़े गए युद्ध के बाद उसको हांसी से प्रस्थान करना पड़ा। फिर अंग्रेजों ने 1809-10 में हांसी में अपनी नई रिसाला छावनी स्थापित की तथा कुछ वर्षों बाद हांसी क्षेत्र कर्नल स्कीनर को जागीर के तौर पर प्रदान किया गया। स्कीनर की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने फिर एक बार हांसी के रुतबे को कम कर दिया था, लेकिन वही हांसी का किला 1857 में अंग्रेजों का महत्वपूर्ण मुख्यालय भी बना। इसमें पंजाब के फिरोजपुर से कोर्टलैन्ड अंग्रेज के नेतृत्व में एक नवगवित सेना हांसी में पहुंच गई तथा हरियाणा क्षेत्र के क्रांतिकारियों को दिल्ली जाने से रोकने में सफल भी रही। दिल्ली स्थित अंग्रेज सेना को कवच प्रदान करने वाली उस सेना को हरियाणा फील्ड फोर्स का नाम दिया गया था जो हांसी के किले में लगभग एक वर्ष तक जमी रही और वहीं से उस सेना ने ओढ़ां, खैरिका व जमालपुर आदि स्थानों पर क्रांतिकारियों से भीषण युद्ध किए थे।



हांसी नगर का ऐतिहासिक बड़सी गेट का दृश्य।

## यहां चार कुतुब विराजमान

मुस्लिम समुदाय के विख्यात धार्मिक चार कुतुबों के यहां विराजमान रहने के कारण भी हांसी प्रसिद्ध नगर रहा था। नगर के चारों तरफ खिलजी सुलतान ने वर्ष 1300 के आसपास एक दीवार भी निर्मित करवाई थी जिसमें पांच प्रवेशद्वार थे। उन्हीं में से एक बड़सी गेट पर शिलालेख भी मौजूद है। ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक नगर को अब एक जिले का दर्जा देकर मुख्यमन्त्री नायब सैनी ने सराहनीय कार्य किया है। इसी हांसी नगर में अंग्रेजों का ज्यादातर वास्ता रहने के कारण ही हिसार में घोड़ा फार्म स्थापित हुआ था। हांसी नगर में चार कुतुब परिसर के पास अली- तज्जार व लखी बनजारे के विशाल मकबरे स्थित हैं। वहीं पर स्कीनर की दो बेगमों के जुड़वां मकबरे भी बने हुए हैं। इनमें फारसी भाषा में शिलालेख अंकित हैं। यद्यपि ऐतिहासिक किला संरक्षित होने के बावजूद खंडहर बन चुका है, लेकिन जार्ज थॉमस द्वारा निर्मित हौज, बारूद खाना व बाह्य चौकियां आज भी दर्शनीय हैं, जोकि हांसी के प्राचीन इतिहास के साक्षी हैं।



हांसी में स्थित अली तज्जार का मकबरा।

---

# लोकगायन की सशक्त आवाज़ राजबाला बहादुरगढ़

कलाकार — अंकुर शर्मा



हरियाणवी लोकगीतों ने वैश्विक स्तर पर अपनी अमिट पहचान बनायी है। इसके लिए अनेक कवियों और कलाकारों का महनीय योगदान रहा है। एक समय जब हरियाणवी रागनी के क्षेत्र में पुरुष गायकों का बोलाबाला था और महिलाओं की उपस्थिति को संदेह और वर्जनाओं की दृष्टि से देखा जाता था, राजबाला ने न केवल माइक थामा, बल्कि अपनी बुलंद और आत्मविश्वासी आवाज़ से पुरुष-प्रधान गायकी के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजबाला का जन्म हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव सरथल में हुआ। ठेठ ग्रामीण परिवेश, सीमित संसाधन और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि में पली-बढ़ी 'बाला' का बचपन खेतों की पगडंडियों, पशुओं की घंटियों और माँ की लोरियों के बीच बीता। औपचारिक शिक्षा भले ही अधिक न हो पाई हो, लेकिन प्रकृति और लोकजीवन ने उन्हें जो शिक्षा दी, वही उनकी असली पाठशाला बनी।

रेडियो पर बजने वाली रागनियां उनके मन में सुरों का पहला बीज बोती थीं। वह काम करते हुए, चारा काटते हुए या चूल्हे के पास बैठी-बैठी उन धुनों को गुनगुनाती रहतीं। पर उस दौर में बेटियों का ऊंचे स्वर में बोलना भी मर्यादा के विरुद्ध माना जाता था, मंच पर गाना तो दूर की बात थी। फिर भी उनके भीतर कहीं यह विश्वास पल रहा था कि सुरों से जुड़ा यह रिश्ता एक दिन उन्हें उनकी मंज़िल तक पहुंचाएगा। विवाह के बाद 'बाला' बहादुरगढ़ आकर बस गयी। सामान्यतः यह वह मोड़ होता है जहां अधिकांश बेटियों के सपने घरेलू जिम्मेदारियों में दबकर रह जाते हैं, पर उनके लिए यह नया जीवन एक नई कर्मभूमि बना। राजबाला बताती हैं कि पति रणबीर सिंह के सहयोग के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए उन्होंने अपना नाम 'बाला' से राजबाला कर लिया, वहीं बहादुरगढ़ से उनके नाम के साथ 'बहादुरगढ़' जुड़ा और धीरे-धीरे वही उनकी पहचान बन गया। 2004 के आसपास उन्होंने मंचों पर कदम रखा। उस समय रागनी मंचों पर पुरुष गायकों का ही बोलबाला था। पंडित लख्मीचंद और मेहर सिंह की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले दिग्गज कलाकारों के बीच एक घूंघट में खड़ी महिला का गाना समाज के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। राजबाला स्वयं कहती हैं "शुरुआत में बहुत ताने सुनने पड़े। लोग कहते थे कि बहू होकर मंच पर गाना शोभा नहीं देता लेकिन मेरे पति और परिवार ने मुझ पर विश्वास किया। उसी विश्वास ने मुझे समाज के डर से ऊपर उठना सिखाया।" यह समर्थन उनके संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत बना। घर, बच्चे और जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने सुरों की साधना जारी रखी और हर मंच पर खुद को बेहतर साबित करती चली गईं।





वर्तमान हरियाणा सरकार द्वारा संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें बहादुरगढ़ नगर परिषद् के लिए पार्षद मनोनीत किया गया है। प्रसिद्ध फल्गु लोककला महोत्सव में प्रस्तुति को राजबाला अपनी उपलब्धि मानती हैं। देश की सैकड़ों सांस्कृतिक संस्थाएं उन्हें सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित कर चुकी हैं। लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचने के बावजूद राजबाला की सादगी आज भी वैसी ही है। न दिखावा, न अहंकार- बस अपनी माटी से जुड़ा एक सरल व्यक्तित्व। वह मानती हैं कि रागनी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोकजीवन का आईना है, जिसमें समाज अपनी अच्छाइयों और कमज़ोरियों को देख सकता है। वास्तव में राजबाला बहादुरगढ़ केवल एक लोकगायिका ही नहीं, बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक हैं, जिनका लोकगायकी का यह सफर बताता है कि सच्ची प्रतिभा संसाधनों की नहीं, समर्पण और संघर्ष की मोहताज होती।

### किस्सा गायकी की पहचान

हिसार के सुशीला भवन में भगत सिंह जयंती पर दी गई पहली प्रस्तुति से शुरू हुआ यह सफर देखते ही देखते प्रदेश भर के मंचों तक जा पहुंचा। राजबाला की गायकी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी 'किस्सा परंपरा' है। राजा नल-दमयंती, सत्यवान-सावित्री, हरिश्चंद्र और महाभारत जैसे प्रसंगों को जब वह रागनी में ढालती हैं, तो श्रोता केवल सुनते नहीं, उस कथा में जीने लगते हैं। वे बताती हैं कि 'लोकसंगीत की आत्मा शालीनता में बसती है, फूहड़ता में नहीं। उनका प्रयास गायकी में करुणा, वीर रस, भक्ति और प्रेम समाहित करने का रहता है।' लोकगायकी से मिला सम्मान और पहचान राजबाला विभिन्न टीवी चैनल्स और आकाशवाणी के अनेक केन्द्रों से रागनी की प्रस्तुति देने के साथ-साथ देशभर में लगभग 2500 सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

**खबर संक्षेप**

## नपा चलाएगी अतिक्रमण हटाओ अभियान

**कनीना।** बाजार में बढ़ती अव्यवस्था के कारण नगर पालिका प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत दुकानों के बाहर रखे गए सामान को नगर पालिका टीम जब्त कर दुकानदारों व रेहड़ी फड़ी वालों को अतिक्रमण न करने के लिए सख्ती बरतेगी। नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने कहा कि दुकानदारों की ओर से किए गए अतिक्रमण से शहर की व्यवस्था बिगड़ रही है, जिसकी शिकायत नपा प्रशासन को मिल रही हैं। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

*अंधेरा होगा गायब, रात्रि में जगमग होगा पूरा क्षेत्र, पानी निकासी के लिए जोहड़ के पानी को किया जा रहा लिफ्ट*

# कनीना में शीघ्र लगेंगी हाईमास्ट लाइट मंजूरी के लिए डीएमसी के पास पहुंची फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

डीएमसी से मंजूरी मिलने के बाद नगर पालिका क्षेत्र में पहले से चिन्हित किए गए स्थानों पर जल्द ही दस हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। नगर पालिका की ओर से बीती 13 नवंबर को आयोजित साधारण बैठक में प्रस्ताव पारित कर जिला नगर आयुक्त नारनौल को भेजा गया था। जिसकी अनुमति मिलने के बाद लाइट लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इस बारे में नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान यह कार्य लंबित रहा था।



■ नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने दी जानकारी

जिसे अब टेंडर अलाट होने वाली उसी फर्म से कार्य करवाया जाएगा।

बता दें कि हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए कनीना में करीब दर्जन भर स्थान चिन्हित किए गए थे। जिनमें दस लाइटें लगने के रात का अंधेरा दूर होगा, वहीं आमजन को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में उपस्थित नपा सचिव कपिल कुमार, वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, एमई दिनेश कुमार, जेई राकेश कुमार, लेखाकार मनोज कुमार सहित वार्ड पार्षद मंजू देवी, दीपक चौधरी, उषा यादव, रेखा देवी, राजकुमार यादव, राकेश कुमार, राजेश देवी, पूजा देवी, नितेश गुप्ता, योगेश कुमार, होशियार सिंह, सुमन देवी, राजेंद्र सिंह के अलावा मनोनीत पार्षद सवाई सिंह व नीलम देवी ने नगर में प्राथमिकता के आधार पर 14 वार्डों में किए जाने वाले करीब 18 बिंदुओं पर कार्य योजना तैयार की गई थी। इनक कार्यों में डीएवी शिक्षण संस्थान को दी गई करीब 60 एकड़ भूमि को वापिस लेने के लिए मैनेजमेंट से बातचीत करने, नपा परिधि का विस्तार करने, रेवाड़ी रोड से भैया वाला जोहड़ होते हुए कन्या विद्यालय तक मार्ग की पैमाइश कराने, कॉलर वाले जोहड़ के दक्षिण दिशा में रास्ता नंबर 660 की पैमाइश कराने, वाहनों की अधिकता व सड़क जाम से निजात दिलाने के लिए अटेली मोड़ से लेकर रेवाडी मोड़ टी प्वाइंट तक पीडब्ल्यूडी रोड को चौड़ा किया जाएगा।

**माणका वाली बणी में कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया**

नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने कहा कि कनीना में सबसे बड़ी समस्या गंदे पानी के निकासी की है। कॉलर वाला व होली वाला जोहड़ से पानी लिफ्ट कर उसे एसटीपी के रास्ते से पीपल वाली बणी में भेजे जाने की योजना है। पानी निकासी कार्य पूरा होने के बाद कनीना में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। इसके अलावा माणका वाली बणी में कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया गया है।

## तीन दोस्तों की मौत में शोक जताने पहुंचे दिग्विजय चौटाला



**नारनौल।** नेशनल हाइवे 152 डी पर बुधवार रात कैंटर व कार की आमने–सामने टक्कर हो गई थी। इस हादसे में कार में सवार तीन दोस्तों की जलने से मौत हो गई थी। हादसे के बाद रविवार शोक जताने जजपा पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला उनके गांव नीरपुर पहुंचे और एक के बाद एक करके तीनों मृतकों के परिजनों से मिल शोक व्यक्त किया। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने कहा कि तीनों परिवार के साथ उनकी संवेदनाएं है। असमय हुए इस हादसे से जहां परिवार को गहरा दर्द है, वहीं हादसे से उनके परिचित भी दुखी है। जो भगवान ने लिखा है, वह होना तय है, यह सत्य बात है। उसके बहाने अलग–अलग हो सकते है। सुना है जिस कैंटर ने कार को टक्कर मारी, वह पशु आहार की आड़ में अवैध शराब लेकर जा रहा था। इस मामले में पुलिस प्रशासन को कड़ा एक्शन लेना चाहिए। इस दुख की घड़ी में वह और पूरी जेजेपी पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। भगवान तीनों की आत्मा को शांति दें। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ब्रज शर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव रणधीर सिंह चिका, जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव मौजूद रहे। आपको बताते चले कि बुधवार रात इस सड़क हादसे में गांव नीरपुर वासी एडवोकेट राजकुमार यदुवंशी, रविदत्त व प्रवीण की मौत हो गई थी।

# विद्या भारती स्कूल में पीटीएम हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ !नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में रविवार को अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में अनिल बसई, अमीलाल बसई, नेत्रपाल पवेरा, नवीन नालपुर, हेतराम छिलरो, अशोक निजामपुर, अनिल तलोट, देवेन्द्र कंवर का नांगल, सुनील ढाणी अहीरान, रामसिंह बायल, संग्राम सिंह किशनपुरा, हरिराम डाबला, संदीप छिलरो, जितेन्द्र निजामपुर, मनीष गांवड़ी जाट, कुलदीप बायल, संजय बामनवास, सुनील बसीरपुर, गोपाल छिलरो, जयसिंह जमालपुर, विजय किशनपुरा, प्रद्युम्न दनचोली, रविन्द्र बिहारीपुर, विरेन्द्र नारेड़ी, प्रवीण छिलरो, रोहित घाटाशेर, शक्ति सिंह छिलरो, अनिल नापला, सचिन कंवर का नांगल, विकाश छिलरो, अमर सिंह निजामपुर, संदीप निजामपुर, रामपाल गोविंददासपुरा, राजपाल छिलरो, अमित निजामपुर, रवि कुमार बामनवास, सज्जन कुमार बसई, सरजीत सिंह त्यौंदा, सुभाष छापड़ा, विरेन्द्र छिलरो, देशराज नापला, निरंजन किशनपुरा, हंसराज रूपसराय, कंचन सिंह सरेली, अशोक सरेली, सतबीर निजामपुर, योगेश मौखुता, रविन्द्र बाडलवास, विकास बसई, सुधीर गांवड़ी जाट, सुरेन्द्र ढाणी अहीरान, रवि शर्मा छिलरो आदि उपस्थित थे।



**नारनौल।** पीटीएम में भाग लेते अध्यापक व अभिभावक।

### मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अभिभावकों ने खूब सराहा। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित थे। अन्त में प्राचार्य विनोद कुमार यादव ने अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों पर भविष्य में अमल करने का आश्वासन दिया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने अभिभावकों से समय-समय पर अपने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेने के लिए आग्रह किया।

# तालमेल से छात्रों में विकसित होगी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक प्राचार्या वंदना यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अभिभावकों को बच्चों की मासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट से अवगत कराया तथा स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी है। बैठक में 1150 से अधिक अभिभावकों ने अपने बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव व एमडी अमित यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन, उपस्थिति, गृहकार्य और सह शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की कमजोरियों को दूर करने और उनकी क्षमताओं को निखारने के लिए आवश्यक सुझाव भी अभिभावकों के साथ साझा किए गए। कहा कि सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह ब्लॉक की एकमात्र शिक्षण संस्था है, जहां विद्यार्थियों को रोबोटिक लैब की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे बच्चों में तकनीकी ज्ञान और नवाचार की भावना विकसित हो रही है। इसके साथ ही विद्यालय में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है। जिससे विषयों को सरल और रोचक ढंग से समझाया जाता है। अभिभावक शिक्षक संवाद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास व व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देना है।



**नांगल चौधरी।** साइंस मॉडलों की प्रस्तुति देते मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में पीटीएम का आयोजन



**महेंद्रगढ़।** गांव खरखड़ा अकोदा स्थित ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में रविवार को अभिभावक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय सीईओ राकेश कुमार ने बताया कि अभिभावक शिक्षक मिलन समारोह में शिक्षकों को अनेक रणनीतियों पर चर्चा करने का अवसर देते हैं, जिन्हें माता-पिता और अभिभावक छात्राओं की शिक्षा का समर्थन करने के लिए घर पर लागू कर सकते हैं, जिसमें किसी छात्र को स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने से रोकने वाली कोई भी शैक्षणिक या व्यवहार संबंधी बात है शामिल है। उन्होंने बताया कि यह पीटीएम का उद्देश्य छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार, सामाजिक विकास और समृद्ध कल्याण के बारे में संवाद है। प्राचार्य रामनिवास यादव ने बताया कि विद्यालय में अपने बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट लेने के लिए आयोजित पीटीएम में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने बच्चों की रिपोर्ट में अपने सुझाव विद्यालय प्रबंधन से साझा किया। उन्होंने बताया कि ऐसे सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों का विकास अधिगम के लिए उत्साह उत्पन्न करना हैं।

## विधायक ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**नारनौल।** विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने रविवार को निजी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129वां एपिसोड सुना। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश की उन्नति, तरक्की और विकास को आगे बढ़ाने में युवाओं के योगदान की सराहना की है। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक संदेश से देश के युवा और बच्चे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आज विश्व की शक्तिशाली ताकतें भारत को आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। भारत तेजी से आगे बढ़ता हुआ विश्व का एक सशक्त राष्ट्र बन रहा है। विधायक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के हर वर्ग को जीवन में उन्नति, तरक्की व राष्ट्र के प्रति योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में युवाओं सहित सभी वर्गों से सुझाव मांगते हैं और उन पर गंभीरता से चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं।

## देवयानी स्कूल में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित



**महेंद्रगढ़।** गांव बेवल स्थित देवयानी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब की स्मृति में अनुसूचित जाति के 101 मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। समाजसेवी कुलदीप यादव बौचड़िया ने कहा कि युवा किसी भी देश की अमूल्य निधि होते हैं। देश का उज्जवल भविष्य युवाओं की दिशा पर ही निर्भर करता है। जिस देश के युवा जितने ज्यादा शिक्षित एवं कुशल होते है, वह देश प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित करता है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है, जिसमें 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि युवा सेवा फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र की मेधावी विद्यार्थियों को बाबा साहेब अंबेडकर की स्मृति में प्रोत्साहन राशि प्रदान करके उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का उपक्रम सही मायनों में काबिले तारीफ है। इसके लिए उन्होंने संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का यह प्रयास क्षेत्र के अनुसूचित जाति समाज की प्रतिभाओं को सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख पवन कुमार ने विद्यार्थियों को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के जीवन से संबंधित अनेक प्रसंग बताकर उन्हें जीवन में मुश्किलों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन समाज को शिक्षित एवं संगठित करने में व्यतीत हुआ। उनका मानना था कि शिक्षा समाजिक परिवर्तन का शक्तिशाली माध्यम है तथा यह व्यक्ति को निडर, संगठित और संघर्ष के लिए प्रेरित भी करती हैं। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विविध संगठनों ने शिरकत की, जिनमें शिक्षा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, धर्म जागरण, व्यापारी वर्ग, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहें।

### अरावली पर्वत में ब्लास्टिंग को लेकर उष्मापुर में पंचायत

# जिन-जिन घरों को नुकसान पहुंचा उन्हें मुआवजा मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव उष्मापुर में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। इस दौरान समाजसेवी बलवान फौजी भी विशेष रूप से मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव अरावली पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत आता है, जहां नियमों के अनुसार खनन गतिविधियों पर रोक होनी चाहिए। इसके बावजूद गांव के पहाड़ों में लगातार माइनिंग और ब्लास्टिंग की जा रही है।

ब्लास्टिंग के तेज धमाकों से पूरा गांव कांप उठता है और कई मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब परिवारों के लिए इन क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत कराना संभव नहीं है, जिससे उनमें भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पंचायत को संबोधित करते हुए बलवान फौजी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और अगले 15 दिनों के भीतर प्रशासन, ठेकेदार और ग्रामीणों की संयुक्त बैठक आयोजित कराई जाएगी, ताकि सभी पक्ष अपने-अपने तर्क रख सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लास्टिंग के कारण जिन-जिन घरों को नुकसान हुआ है, उन्हें उचित मुआवजा दिलाने के लिए वे पूरा प्रयास करेंगे। बलवान फौजी की इस बात पर पंचायत में मौजूद सभी ग्रामीणों ने हाथ उठाकर समर्थन जताया। बलवान फौजी ने पंचायत को आश्वासन दिया कि जिन घरों में नुकसान हो रहा है, उनकी लिस्ट बनाओं और यह स्क्रीन प्लांट की वजह से खेतों में जा रही लाल रेत से फसल खराब होने संबंधित व री वाहन गुजरने की वजह से जितनी भी परेशानी है, इन सभी बातों को लेकर 11 जनवरी 2025 को सभी विभागों के अधिकारियों को यहां बुलाकर आप लोगों के सामने ही इन परेशानियों का समाधान करवा दिया जाएगा, अधिकारियों को यहां बुलाने का मेरा काम है। रविवार को यह पंचायत शांतिपूर्वक समाप्त हुई।



**महेंद्रगढ़।** पंचायत को संबोधित करते समाजसेवी बलवान फौजी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अशोक, अमित, नीरज, अनिल, सोनू, जयकिशन, सोमबीर, जोगेंद्र, कर्ण सिंह और सतीश, सरपंच रविंद्र, अनिल, अमित, सहिराम, अशोक, नीरज, सोनू, अंकूर, जयसिंह, सुनील, जगदेव फौजी, इंजिनियर संदीप शास्त्री, किशनलाल, पप्पू, राकेश, पवन, रोहित, पूर्व सरपंच हरिओम, पूर्व सरपंच मुसद्दी, रोहताश, सियासहाब सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एचपीएस में जीनियस स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित



**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जीनियस-30 स्कॉलरशिप परीक्षा के फेज एक का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस परीक्षा में आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए 10वीं कक्षा के लगभग 1153 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि इस स्कॉलरशिप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में ही आईआईटी, जेईई, नीट, सीए फाउंडेशन, सीएस फाउंडेशन व क्लैट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग सुविधा भी दी जाएगी। जिससे विद्यार्थी प्रारंभ से ही अपने लक्ष्य की दिशा में प्रभावी तैयारी कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर गाइडिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रूचि, क्षमता व योग्यता के अनुरूप सही करियर विकल्प चुनने में मार्गदर्शन प्रदान करना था।

**रूबरू** — देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से किसानों के हालात बदले

# भाजपा सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदा में दिए 15-20 हजार प्रति एकड़: बाबूलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से किसानों के हालात बदले हैं और फसलों के इतने दाम मिलने लगे हैं, जितने पहले किसानों को कभी नहीं मिले। पहले फसलों पर प्राकृतिक आपदा आने पर दो–दो रुपये के चेक मिलते थे, लेकिन हमारी सरकार ने उसी प्राकृतिक आपदा के 15–20 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिए हैं। उक्त विचार मार्केट कमेटी नारनौल के नवनियुक्त चेयरमैन बाबूलाल यादव ने दोपहर को रेवाड़ी रोड अपार होटल में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में व्यक्त किए। उनके साथ मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी एवं युवा भाजपा नेता मनोज सेकवाल भी साथ थे। चेयरमैन बाबूलाल यादव ने अपनी नियुक्ति के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का तहेदिल से आभार जताया और कहा कि वर्ष 2014 से यशस्वी प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किसानों के व्यारे–न्यारे कर रखे हैं और सरकार आए दिन किसान हित में फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब हर वर्ष किसानों को 6 हजार रुपये सीधे उनके खातों में डाले जा रहे हैं तथा इससे देश के करीब 10 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। एमएसपी पर फसलें खरीदी जा रही हैं। हरियाणा देश का ऐसा राज्य है, जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। सरकार का मानना है कि किसान खुश तो सब खुश। चेयरमैन बाबूलाल यादव ने कहा कि अब वर्ष 2026 में रबी फसलों की खरीद होनी है तथा वह विश्वास दिलाते हैं कि इस खरीद में किसानों को मंडी में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



**नारनौल।** पत्रकारवार्ता में विचार रखते चेयरमैन बाबूलाल यादव। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य मंत्री की सराहना की

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की विशेष प्रशंसा की और कहा कि उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। पहले 777 डाक्टरों की भर्ती, फिर 450 आयुर्वेद मेडिकल अफसरों की भर्ती और अब 450 मेडिकल अफसरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। कोरियायास मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों पर एडमिशन चल रहे हैं तथा आयुर्वेद कॉलेज पटीकरा की 36 सीटों को बढ़वाकर फिर से 100 सीट कराना आरती सिंह राव की देन है। नारनौल में ट्रामा सेंटर चालू कराना, कलर अल्ट्रासाउंड, 100 बैड के अस्पताल को 200 बैड का करने, महेंद्रगढ़ के 50 बैड के अस्पताल को 100 बैड का करने, सतनाली व नांगल चौधरी में सीएचसी बनवाने तथा अटेली व कनीना में एफआरयू लागू कराया है। सबसे बड़ी उपलब्धि बिहाली गांव में अंतर राष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है।

### वंचित किसानों को भी दिलाएंगे भावांतर:

जिन 575 किसानों को भावांतर भरपाई का पैसा नहीं मिला है, उन्हें भी यह पैसा मिलेगा, सीएम साहब से बात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी की दुकानों एवं व्यापारियों का मामला वे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के सामने रखेंगे तथा उनसे हस्तक्षेप करवाकर सीएम साहब से व्यापारियों की दुकानों का ब्याज माफ करवाने का प्रयास करेंगे।

## सुजापुर में भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ सुनी मन की बात

**नारनौल।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने अटेली विधानसभा के गांव सुजापुर के बूथ नंबर 141 पर ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 129वें संस्करण को सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में सुना। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से हमेशा देशवासियों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य किया है। स्वदेशी अपनाना आज समय की आवश्यकता है, क्योंकि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय कारीगरों, किसानों व उद्यमियों को लाभ मिलेगा। राव ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समांतर विकास की नीति पर कार्य कर रही है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

## अरावली को लेकर कांग्रेस के आरोप खोखले: वासुदेव



**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झूठा भ्रम फैलाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि दीपेंद्र अरावली पर्वतमाला व पर्यावरण के नाम पर दिया गया बयान राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। दीपेंद्र हुड्डा का बयान तथ्यहीन व जनता को भ्रम में डालने वाला है। वासुदेव यादव ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा का पूरा बयान न तो कानूनी तथ्यों पर आधारित है और न ही पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक समझ को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हर जनहित के मुद्दे पर राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को अरावली व पर्यावरण की चिंता आज हो रही है, जबकि वर्षों तक हरियाणा में कांग्रेस शासन के दौरान इस विषय पर अनेक अनियमिततायें बर्ती गई, बिल्डर माफिया और पर्यावरणीय विनाश को खुला संरक्षण दिया गया। सीएजी रिपोर्ट में जिन घोटालो का उल्लेख है, वह कांग्रेस शासन काल की ही देन है। उस समय दीपेंद्र हुड्डा व कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी आज उनके दोहरे चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर अफवाह फैला रही है। उन्होंने कहा कि 100 मीटर को लेकर कांग्रेस की ओर से फैलाया जा रहा भ्रम जानबूझ कर किया गया दुष्प्रचार है।

## विजिलेंस टीम ने कई बार लिए नई सड़कों के सैंपल, कार्रवाई रही शून्य

# सालभर सड़क पर बिखरती रहीं भ्रष्टाचार की रोड़ियां

**अलविदा 2025**

- सचिवालय रोड, सेक्टर-एक, तीन व चार का सबसे ज्यादा उठता रहा मुद्दा
- ब्रास मार्केट में जगह-जगह पैचवर्क से सालों पुरानी नजर आ रही नई सड़क

हेमंत शर्मा ▸▸ रेवाड़ी

वर्ष 2025 में शहर में सड़क तंत्र मजबूत करने के लिए बनाई गई नई सड़कों के बनते ही बिखर जाने पर भ्रष्टाचार का मुद्दा काफी चर्चा में रहा। स्वीकृति मिलने के बाद सेक्टर, कॉलोनी, मोहल्ले, हाउसिंग बोर्ड व मुख्य मार्गो पर करोड़ों की लागत से नई सड़कों को बनाने का निर्माण कार्य चलता रहा। वही नई सड़कों के बनते ही दो से तीन महीनें में भ्रष्टाचार की रोड़ियां बिखरती रही। अधिकारियों व ठेकेदारों की ओर से बिखरती नई सड़कों की खामियों को दबाने के लिए साल भर पैचवर्क का खेल भी लगातार चलता रहा। हांलाकि नागरिकों की ओर से आवाज उठाने पर कई बार चंडीगढ़ से एसीबी की टीम भी पहुंची, नई सड़कों के सैंपल भी लिए गए, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते जाने से धरातल पर कार्रवाई शून्य रही। टीम ने न सिर्फ सड़क की पैमाइश कराई, बल्कि निर्माण सामग्री के सैंपल भी लिए हैं। ज्यादातर नई सड़कों पर अभी भी जगह-जगह पैचवर्क नजर आ रहा है।

### एसीबी टीम ने इन सड़कों के लिए थे सैंपल

नगर परिषद की ओर से एक साल के अंतराल में बनाई गई नई सड़कें गुणवत्ता की कमी के कारण धराशाही हो चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी इन सड़कों के निर्माण पर बार-बार सवाल उठ रहे है। एसीबी की टीम पिछले दिनों मॉडल टाउन, सेक्टर-3, सेक्टर-4 व वार्ड नंबर-2 सहित कई नई सड़कों के सैंपल लेकर जा चुकी है। हाल ही में 3 नवंबर को सेक्टर-1 की नई बनी सड़कों के सैंपल भी लिए जा चुके है।

### मिनी बाईपास की नई सड़क भी जर्जर

शहर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए बावल चौक से गढ़ी बोलनी रोड व दिल्ली रोड को जोड़ते हुए साधुशाह नगर से गुजर रहे नाले पर मिनी बाईपास का निर्माण किया गया था। लंबे समय से मिनी बाईपास की सड़के जर्जर हालत में आ चुकी थी। इस वर्ष मिनी बाइपास पर जर्जर डिवाइडरों व सड़कों का नव निर्माण किया गया, लेकिन गुणवत्ता की कमी के कारण मिनी बाइपास की सड़कें भी जर्जर नजर आ रही है, जबकि नगर परिषद चेयरपर्सन का निवास भी इसी मार्ग पर स्थित है।

### सड़क निर्माण की जांच कराने की उठाई गई मांग

शहर के सेक्टर-1 में नेहरू पार्क से सोलहराही तालाब की सड़क के लिए टेंडर होने के बाद नगर परिषद की ओर से मार्च के पहले सप्ताह में सड़क की खुदाई का कार्य शुरू किया गया। इस सड़क के नव निर्माण पर करीब 35.50 लाख रुपए की राशि खर्च की गई। सड़क बनने के तीन महीने में ही इस पर रोड़ियां निकलने के बाद पैचवर्क शुरू हो गया। निर्माण के साथ ही अनियमितताएं सामने आने लगी थीं। सेक्टर के प्रबुद्ध लोगों ने आरोप लगाए थे कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिससे रोड़ियां निकलकर सड़क से बाहर आ रही हैं। सेक्टर के लोगों ने सीएम विंडो से लेकर समाधान शिविर तक में सड़क निर्माण में हुए घोटाले की जांच कराने की मांग उठाई, जब प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत भेजी गई थी। सेक्टर-1 में बनी दूसरी सड़कों के निर्माण में भी घोटाले की आशंका है, जिसकी जांच के बाद सच्चाई सामने आ सकेगी।

### हनुमान मंदिर रोड की नई सड़क का कार्य पूरा

बड़ा तालाब प्राचीन हनुमान मंदिर रोड पर लंबे समय से चल रही जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बड़ी सीवर लाइन व सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बरसात के समय जलभराव के कारण पानी प्राचीन हनुमान मंदिर में भर गया था, जिसके बाद पार्षदों व नागरिकों की ओर से हाउस की बैठक में मुद्दा उठाने पर सड़क बनाने व सीवर लाइन डालने को स्वीकृति दी गई। हनुमान मंदिर के पास करीब 850 मीटर लंबी सड़क के निर्माण व 12 इंची ड्रेनेज पाइपलाइन डालने में नगर परिषद की ओर से करीब 42 लाख रुपए खर्च किए गए। इसके अलावा लघु सचिवालय के पास स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में करीब 45 लाख रुपए की लागत से नई सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इसके अलावा मॉउल टाउन में महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक तक की नई सड़क भी बनाई जा चुकी है।

### मुख्य बाजार की किस्तों में बन रही सड़क

मुख्य बाजार की सड़कों के नव निर्माण पर 4.32 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है, लेकिन बाजार की सड़के किस्तों में पूरी की जा रही है। दीपावली पर अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक की सड़क बनाई गई, जिसके बाद अब भाड़ावास गेट से नानक रेस्टोरेंट तक की सड़क का कार्य हुआ है। योजना में मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक, पुरानी सब्जी मंडी से बारा हजारी तक तथा गोकल गेट से रेलवे चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा।

### सरकुलर रोड की कुछ दशा सुधरी

सरकुलर रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से पहले चरण में बावल चौक से अंबेडकर चौक होते हुए लियो चौक तक की सड़क को बनाने में 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। अब पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की दूसरी लेन की 7 मीटर चौड़ी और 1.27 किलोमीटर लंबी सड़क का नवनिर्माण सीसी रोड के रूप में किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 2.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

### ब्रास मार्केट में बनते ही धराशाही हो गई सड़कें

नगर परिषद की ओर से सीएम घोषणा के तहत लंबे समय बाद शहर के ब्रास मार्केट की दशा सुधारने का कार्य शुरू किया गया। ब्रास मार्केट में सीवर लाइन, सीवर लाइन व तिकोना पार्क के सुधार के लिए करीब 2.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई। टेंडर होने के बाद ब्रास मार्केट में लटक-लटक कर कार्य चलता रहा। पहले सीवर लाइन में बड़े पाइप डालकर चेंबर बनाए गए, जिसके बाद ब्रास मार्केट की जर्जर हो चुकी सभी सड़कों पर सीसीटी रोड बनाया गया, लेकिन मार्केट की सड़कें बनती गई और रोड़ियां निकलती गई, जिसके बाद नगर परिषद मार्केट की नई सड़कों को तारकोल डालकर खामियां छिपाती रही। वर्तमान में मार्केट की सभी नई सड़कों पर पैचवर्क किया जा चुका है, जबकि अभी तक मार्केट में फुटपाथ व पार्क का कार्य पूरा नहीं हो पाया है।



रेवाड़ी। गत 3 नवंबर को सेक्टर-1 की नई सड़क की जांच करती एसीबी की टीम। फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सेक्टर-3 की सड़क पर निकली भ्रष्टाचार की रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सेक्टर-4 की सड़क पर पैचवर्क कार्य का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट की नई सड़क पर किया गया पैचवर्क। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क का अंतिम चरण में कार्य।



रेवाड़ी। अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक बनी नई सड़क। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### नबीन के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मिलेगी गतिः डा. बनवारी

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बनवारी लाल ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डा. बनवारी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन को नई जिम्मेदारी मिलने पर पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके संगठन की मजबूती और हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य सहित विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई। डा. बनवारी लाल ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के कुशल सांगठनिक अनुभव और युवा नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में नई ऊंचाइयों को छुएंगी, जिससे कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। डा. बनवारी लाल ने कहा कि नितिन नबीन का सांगठनिक अनुभव और जमीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ाव अद्भुत है। उनके नेतृत्व में पार्टी का विस्तार होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और अधिक गति मिलेगी।



### पीएम का संदेश सुनकर आत्मसात करने का लिया संकल्प

कोसली। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव ने अपने आवास गांव नठेडा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर वीरकुमार यादव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से देशवासियों को दिए गए संदेशों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणादायक बताया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरपंच नठेडा मनोज कुमार, कै. महेंद्र साहब, इंस्पेक्टर रणबीर साहब, कै. जोगेंद्र, पतराय, जगदेव जोनी, डा. सूर्यकांत, देवराज एसडीओ, सतबीर पंच, उपाध्यक्ष प्रमोद शास्त्री व संजय राव सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।



### बैठक में आगामी वर्ष के कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

रेवाड़ी। ब्राह्मण सभा की बैठक रविवार को प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में ब्रह्मगढ़ परिसर में आयोजित की गई। प्रधान ने सभा के कार्यों सहित आगामी योजनाओं से संबंधित एजेंडे से अवगत कराया। महासचिव जयकुमार कौशिक ने पिछले बैठक के निर्णयों पर किए कार्य और आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। बैठक में आगामी वर्ष में गणतंत्र दिवस व मार्च-अप्रैल माह में पुष्कर जी में आयोजित होने वाले विशाल गायत्री सत पुश्चरण महायज्ञ में समाज के लोगों के शामिल होने सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। सभा प्रधान गौतम ने कॉलेजियम सदस्यों सहित सभी से आगामी तय कार्यक्रमों में समय पर पहुंचने का आह्वान किया। इस मौके पर उपप्रधान दीपक शर्मा एडवोकेट, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज,पीसी भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, सुनील शर्मा, दिनेश वशिष्ठ, मैनेजर हेमंत भारद्वाज व महेश वशिष्ठ मौजूद थे।



### ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी में किया विचार-विमर्श

रेवाड़ी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से बाल भवन में ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम सुरेश कुमार थे तथा विशिष्ट अतिथि उद्योगपति व समाजसेवी रमेश सचदेवा ने शिरकत की। मुख्य वक्ता केसी गर्ग जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत गुरुग्राम रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष डा. आरबी यादव ने की। ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी में शहर के सभी वर्गों से अनेक गणमान्य व्यक्तियों व संगठनों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता ने ग्राहकों से जुड़े हुए अनेक पहलुओं पर विचार व्यक्त किए, वही प्रोजेक्ट के माध्यम से भी ग्राहकों को जागरूक किया। प्रांतीय अध्यक्ष डा. आरबी यादव ने बताया कि रेवाड़ी के ब्रास मार्केट दुकान नंबर-63 में ग्राहक मार्गदर्शन केंद्र भी खोला गया है, जिसमें प्रत्येक रविवार को शिकायत सुनने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित होते हैं व सरकार के अनेक प्लेटफार्म के माध्यम से ग्राहकों की शिकायत का निवारण करने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला प्रधान विवेक ढींगरा, जिला संगठन मंत्री कृष्ण कुमार, जिला सचिव धीरज शर्मा जांगड़ा, कार्यक्रम के संयोजक शिव कुमार, बिहारी लाल, तरुण, एडवोकेट नरवीर, एडवोकेट नितेश अग्रवाल व एडवोकेट सुनीता यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। रेजांगला शौर्य समिति की बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक।

### रेजांगला शौर्य समिति की आमसभा संपन्न

रेवाड़ी। रविवार को दिल्ली रोड स्थित रेजांगला युद्ध स्मारक पर रेजांगला शौर्य समिति की आम सभा मुख्य संरक्षक कर्नल रणबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 में किए गए आयोजनों की समीक्षा करते हुए रेजांगला पराक्रम को देश भर में पहुंचाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. कर्नल राव राम सिंह की ओर से स्थापित समिति के 45 साल के निरंतर प्रयासों की सराहना की गई। रेजांगला शहीद परिवारों की एक-एक बालिका को रेजांगला ट्रस्ट की ओर से दी गई पांच-पांच हजार रुपए की राशि को शहीद परिवारों की महिला सशक्तिकरण के लिए पायलट योजना बताया गया। इस मौके पर आगामी वर्ष 2026 में किए जाने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई। कर्नल रणबीर सिंह यादव ने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए भार मुक्त होने और कर्नल ओपी यादव को समिति में सक्रिय रोल अदा करने की इच्छा जाहिर की। बैठक में बड़ी संख्या में 13 कुमाऊं बटालियन की सरदारी ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद धानक समाज के लोग।

### धारूहेड़ा ब्लॉक के शीशराम ठेकेदार बने प्रधान

मीरपुर। धानक समाज की धारूहेड़ा ब्लॉक की मीटिंग रविवार को संतोष देवी धर्मशाला मीरपुर में राज सिंह चेयरमैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग का संचालन महासचिव दयाराम मोरवाल व बालयोगेश्वर ने किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीटिंग में समिति के प्रधान वेदप्रकाश बनवाल, ओमप्रकाश डाबला, जेई विजयडाबला, टीनू प्रधान, सुभाष सोलंकी, धर्मेंद्र कुमार प्रधान खोल ब्लॉक, गुलशन कुमार प्रधान डहीना ब्लॉक, सुधीर एडवोकेट प्रधान रेवाड़ी ग्रामीण, मुकेश कुमार प्रधान नाहड़ ब्लॉक ने अपने विचार रखे। धारूहेड़ा ब्लॉक की कमेटी का गठन किया गया, जिसमे शीशराम ठेकेदार को प्रधान, देवेंद्र खरेरा, सुरेंद्र कुमार व जयपाल ढाकिया को उप-प्रधान, सचिन इंदौरा को महासचिव, शमशेर सिंह को सह सचिव, राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र तुर्कियावास को सहकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

### पीईबी की वार्षिक आम सभा में कई मुद्दों पर चर्चा



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के पदाधिकारी व सदस्य।

रेवाड़ी। शहर की चार शैक्षिक संस्थानों का संचालन करने वाली प्रमुख संस्था पब्लिक एजुकेशन बोर्ड की वार्षिक आम सभा की रविवार को केएलपी कॉलेज के सभागार में बोर्ड के प्रधान अशोक सोमाणी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बोर्ड के सविंधान में महत्वपूर्ण संसोधन सर्वसम्मति से पारित किए गए तथा चारों संस्थाओं का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करने के साथ विकास की रूपरेखा भी तय की गई। बोर्ड के महासचिव कपिल गोयल ने कॉलेजियम सदस्यों के समक्ष बोर्ड के सविंधान में संसोधन संबंधी प्रस्ताव रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। संविधान संसोधन संबंधी प्रस्तावों में नए आजीवन सदस्यों की सदस्यता शुल्क को नए सिरे से निर्धारित करने व एक सदस्य का किसी भी एक संस्था के पद पर लगातार दो बार चुने जाने की समय सीमा भी निर्धारित की गई।

### साइबर अपराध से बचने के लिए किया जागरूक

रेवाड़ी। साइबर अपराधी प्रतिदिन अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरूक होने से ही इन अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता व सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से समय-समय पर अभियान चलाए जा रहे है। आमजन को भी साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा, फोन पर पहचान वाले या अनजान व्यक्ति की ओर से पैसे भेजने के मैसेज के बारे में पूरी जांच पड़ताल करे। किसी भी अपरिचित व्यक्ति के कहने पर किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड न करें।

## शिक्षा और खेल के क्षेत्र में विश्व पटल पर चमक रहा हरियाणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्तमान सरकार की खेल और शिक्षा नीतियों के कारण आज हरियाणा का नाम न केवल देश में बल्कि विश्व पटल पर गौरव के साथ लिया जा रहा है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भीमौजूद रही। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश



और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्टNीय मंचों पर सर्वाधिक पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। सरकार द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट खेल सुविधाएं और पदक लाओ-पद पाओ जैसी नीतियां खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

### जनता को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करा रही सरकार

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने इन बीमारियों से पीड़ित लोगों को सरकार की इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। डीसी मीणा ने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने बताया कि आवेदक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। सरकार की ओर से गत 3 मार्च 2025 को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है।

## कुछ बड़ा करने का संकल्प हो तो इच्छा शक्ति बढ़ जाती है : डा. चित्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में आओ नए संकल्प से नई सृष्टि का निर्माण करें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी डा.चित्रा प्रसाद, डा. ललित मोहन सक्सेना व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि जीवन में जब कुछ बड़ा करने का संकल्प हो तो इच्छा शक्ति बढ़ जाती है। 20 वर्षीय एथलीट अरूणिमा सिन्हा जब ट्रेन से अपने घर लौट रही थी। ट्रेन में लूटेरों ने उसे लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर उसे ट्रेन से बाहर फैंक दिया गया। सुबह के 5 बजे तक करीब चालीस ट्रेन उसके पैरों के ऊपर से निकल गई। जब चार दिन बाद उसे होश आया तो उसका एक पांव काटा जा चुका था। उसने देखा तो बैड के सामने हिमालय का बड़ा चित्र लगा था। उसने महसूस किया कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बाद भी भगवान ने यदि उसे जीवित रखा है तो किसी बड़े कार्य के लिए ही जीवन दिया है।

**आश्वासन** केंद्रीय मंत्री ने राव तुलाराम स्टेडियम में किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# संसदीय खेलों को जल्द बढ़ाया जाएगा : राव इंद्रजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की पहल से देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पूरे देश में खेल और खिलाड़ियों का बढ़ावा मिलेगा। उनका प्रयास रहेगा कि जल्द ही इन खेलों को विस्तार देते हुए अंतर संसदीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। आने वाले दो-तीन सालों में अंतर संसदीय खेल उत्सव शुरू कराए जाएंगे। राव रविवार को राव तुलाराम स्टेडियम में सांसद खेल उत्सव का शुभारंभ करते हुए उपस्थित लोगों व





रेवाड़ी। फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते राव इन्द्रजीत सिंह तथा राव तुलाराम स्टेडियम में फुटबॉल खेलते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। राव इन्द्रजीत सिंह ने राव तुलाराम स्टेडियम व अहीर कॉलेज परिसर में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार और कोसली विधायक अनिल यादव मौजूद थे। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से केंद्रीय मंत्री को स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि खेल भावना, मेहनत और अनुशासन ही सबसे बड़ी जीत होती है। खिलाड़ियों को टीम भावना से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया अभियान, फिट इंडिया मूवमेंट तथा पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी तर्ज पर सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य भी युवाओं को खेलों में आगे लाना है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर भी पहचान बनाई हुई है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार खेलों में आगे लाने के लिए बेहतरीन सुविधाएं और प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि से युवाओं को खेलों में अग्रसर कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि खेल से हमारा स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### खिलाड़ियों से किया परिचय

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत राव तुलाराम स्टेडियम में कबड्डी और फुटबॉल तथा अहीर कॉलेज में फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय करते हुए विधिवत शुभारंभ किया। जिले में रविवार और सोमवार को आयोजित की जा रही कबड्डी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के 600 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।